बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

यूथ रेडक्रॉस सोसायटी

2018-19

शैक्षणिक सत्र 2018-19 में महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विविध कार्यक्रम किये गये जो निम्नानुसार हैं

01. खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन धमतरी के निर्देशानुसार दिनांक 14.08.2018 को महाविद्यालय के यूथ-रेडक्रॉस सोसायटी के वालेंटियर्स मतदाता जागरूकता रैली एवं 15 अगस्त के पूर्व स्वतंत्रता दौड़ में सहभागिता प्रदान कर मतदाता जागरूकता के द्वारा अपने परिवार तथा आस-पास लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गई।

02. केरल बाढ़ आपदा राहत हेतु प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के रेडक्रॉस इकाई के वालेंटियर्स महाविद्यालयीन छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारी तथा प्राध्यापकों से राशि एकत्रित कर 11111.00 ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रू. की नगद राशि जिला प्रशासन को प्रदान की गई।

03. राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के प्रथम चरण के अवसर पर दिनांक 14.09.2018 को मॉप-अप दिवस पर महाविद्यालय के 334 छात्र छात्राओं को कृमि नाशक दवाई एलवेंडाजोल खिलाया गया।

04. दिनांक 26.10.2018 को जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-धमतरी द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता मशाल रैली में महाविद्यालय के 06 वालेंटियर्स की सहभागिता रही।

05. भारतीय रेडक्रॉस द्वारा दिनांक 26.12.2018 से 30.12.2018 तक जिला भुवनेश्वर (उड़ीसा) में अंतर्राज्यीय यूथ रेडक्रॉस सोसायटी अध्ययन एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के 06 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मैडल एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

06. दिनांक 25.01.2019 को महाविद्यालय के प्राथमिक उपचार कक्ष में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 181 छात्र छात्राओं का रक्त समूह एवं सिकलसेल परीक्षण किया गया। जिसमें लक्ष्य पैथालॉजी, जिला-धमतरी का सहयोग रहा।

पीजी कालेज में स्वतंत्रता दौड़ आयोजित

धमतरी। बीसीएस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन धमतरी द्वारा आयाजित मतदाता जागरूकता रैली एवं 15 अगस्त के पूर्व स्वतंत्रता दौड़ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चन्द्रशेखर चौबे के मार्गदर्शन में सहभागिता प्रदान की गई। जो मकई चौक से सदर बाजार, रामबाग से राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए मकई चौक में समाप्त हुई जिसमें महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के वालेंटियर्स ने बडे.उत्साह के साथ भाग लिया। रैली एवं स्वतंत्रता दौड़ में भाग लेने वाले वालेंटियर्स धामिन ध्रुव, उपासना, प्रदीप कुमार, डेमिन, पदमावती कंवर, देवेन्द्र साहू, डोमन, गौरव, चुन्नूलाल , यशकुमार, भुनेश्वरी, भीमा एवं खिलेश्वर ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के प्रभारी डॉ. वेदवती देवांगन एवं एनएसएस प्रभारी प्रो.पंकज जैन उपस्थित थे।

15/08/2018, हरिभूमि